# पाठ / LESSON-1

1.0 TEXT आइए, इनसे मिलें (कथात्मक / Narrative form)
2.0 VOCABULARY
3.0 GRAMMATICAL NOTES

## 1.0 TEXT आइए, इनसे मिलें (Come on, let us meet him)

Read the text aloud

1. दिल्ली के इंडिया गेट के पास शाम को जाने का मौका मिले तो वहाँ एक अधेड़ सज्जन को टहलते देख सकते हैं । सिर पर सफेद बाल, छोटी-छोटी मूँछें, हाथ में छड़ी और आँखों पर चश्मा । आप हैं डॉ. ऋषि कुमार । सुंदर नगर में उनका अपना क्लीनिक है । यहीं उन्होंने अपना नया मकान बनाया है । प्रैक्टिस अच्छी चलती है । उनके दो बच्चे हैं जो विदेश में रहते हैं । आस पास के लोग डॉक्टर साहब को जानते हैं ।

2. डॉक्टर कुमार आज सुबह जब टहल रहे थे, अचानक उन्हें अपने मित्र ब्रजभूषण की याद आ गई। ब्रजभूषण जी और डॉ. कुमार इलाहाबाद में एक ही स्कूल में पढ़ते थे। आज ब्रजभूषण साहब इलाहाबाद के एक मशहूर वकील हैं । उनकी पत्नी निर्मला इलाहाबाद के एक कॉलेज में प्राध्यापिका हैं । इधर कई महीनों से दोनों मित्रों की मुलाकात नहीं हुई थी । अपने वकील मित्र के बारे में सोचते हुए डॉ. कुमार घर वापस आए तभी उन्होंने देखा कि एक टैक्सी दरवाजे पर आकर रुकी और टैक्सी से श्री ब्रजभूषण अपनी पत्नी निर्मला के साथ उतरे । डॉ. कुमार उन्हें देखकर चकित हो गए ।

3. डॉ. कुमार और उनकी पत्नी इला ने उनका स्वागत किया और उनका हाल-चाल पूछा । ब्रजभूषण जी ने डॉ. कुमार से पूछा कि आप स्टेशन क्यों नहीं आए ? पर डाक्टर कुमार स्टेशन कैसे आते ? उन्हें तो ब्रजभूषण जी के आने की सूचना मिली ही नहीं थी ।

4. बाद में डॉक्टर साहब की पत्नी इला को निर्मला से पता चला कि वे लोग होटल में ठहरे हैं, क्योंकि उनकी गाड़ी रात को देर से पहुँची थी । ब्रजभूषण जी ने विश्वास दिलाया कि अगली बार वे अवश्य ही सीधे घर आ जाएंगे ।

5. इस बीच कुमार साहब के मित्र रमेश का फोन आया । रमेश ने सूचना दी कि उसने राजस्थान घूमने का कार्यक्रम बनाया है, डॉ. कुमार भी साथ चलें । पर डॉ. कुमार जाना नहीं चाहते थे, क्योंकि उनके यहाँ मेहमान आए हुए थे । रमेश को पता चला कि मेहमान और कोई नहीं इलाहाबाद के वकील श्री ब्रजभूषण और उनकी पत्नी हैं । रमेश ने तब ब्रजभूषण जी से बात की और घूमने का कार्यक्रम बनाया ।

## 2.0 VOCABULARY

2.1 Go through the vocabulary and try to comprehend the meaning of the text.

PARA-1

| | |
|---|---|
| मौका | chance/opportunity |
| अधेड़ | middle aged |
| सज्जन | gentleman |
| टहलते हुए | walking |
| मूँछ (f) | moustache |
| छड़ी (f) | stick |
| मकान | house |

PARA-2

| | |
|---|---|
| अचानक | suddenly |
| याद आना | to remember |
| मशहूर | renowned |
| वकील | lawyer, advocate |
| पत्नी (f) | wife |
| प्राध्यापिका (f) / प्राध्यापक (m) | lecturer |
| मुलाकात (f) / भेंट (f) | meeting |
| सोचना | to think |
| रुकना | to stop |
| उतरना | to get down |

PARA-3

| | |
|---|---|
| स्वागत करना | to welcome |
| हाल–चाल पूछना | to enquire about the health and well being |
| सूचना | information |

PARA-4

| | |
|---|---|
| बाद में | later on |
| विश्वास दिलाना | to assure |

PARA-5

| | |
|---|---|
| इस बीच | meanwhile |
| कार्यक्रम बनाना | to set a programme |
| मेहमान | guest, अतिथि |
| घूमना | to travel |

2.2 Having gone through the text, give it a silent reading.

2.3 Synonyms (Words with similar meanings)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अचानक | एकाएक | 5. मुलाकात | भेंट |
| 2. चश्मा | ऐनक | 6. मेहमान | अतिथि |
| 3. सूचना | जानकारी | 7. मौका | अवसर |
| 4. मशहूर | प्रसिद्ध | 8. स्वागत | सत्कार |

2.4 Abbreviations

Please note the abbreviation of 'डॉक्टर' used as 'डॉ.' in the text. Some more abbreviations commonly used in Hindi are given below :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मिस्टर | = | मि. | कुमारी | = | कु. |
| पंडित | = | पं. | प्रोफेसर | = | प्रो. |
| संपादक | = | सं. | रुपया | = | रु. |

2.5 Cultural Note

2.5.1 हालचाल पूछना People enquire about the health and well-being while meeting or writing to each other. Other expressions conveying the same meaning are 'कुशल–मंगल पूछना', 'कुशल–क्षेम पूछना'

2.5.2 Some of the Stock Expressions commonly used on such occasions are enlisted at the end of the next lesson अतिथि का स्वागत.

## 3.0 GRAMMATICAL NOTES

3.1 Present participle टहलते हुए

(i) Present participle –ता हुआ functions as an Adjective when followed by a noun.

टहलता हुआ आदमी — strolling / walking man

चलती हुई गाड़ी — moving train

In such usage –ता form changes according to the number and gender of the noun following it.

(ii) Present participle form functions as an Adverb when a verb follows it.

बच्चा खेलते हुए गिर पड़ा । — while playing

शीला टाइप करते हुए गा रही थी । — while typing

(iii) But -ते हुए form alone can be used when को follows the object.

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| आप | डॉ. कुमार को | टहलते हुए | देख सकते हैं । |
| मैंने | सरला को | बाहर निकलते हुए | देखा । |
| हमने | किसी चोर को | भागते हुए | नहीं देखा । |

3.2 Functional use of आप in the sense of ये/वे. While introducing some one, the second person pronoun आप is preferred to ये or वे e.g.

इनसे मिलिए, आप हैं डॉक्टर कुमार (for ये हैं)।

हमारे मैनेजर साहब से मिलिए, आपका नाम राघवन है । (for इनका)

डॉ. सरोजिनी हिंदी की प्राध्यापिका हैं । आपने दस किताबें लिखी हैं । (instead of इन्होंने)

Please note that both the forms given above are grammatically correct.

3.3 Usage of Nominal Compounds (Noun + Verb constructions) as given below :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वागत + करना | to welcome | याद + होना | to recall / to learn |
| मदद + करना | to help | मुलाकात + होना | to come across/ to meet |

In such noun and verb combinations, का or की precedes in accordance with the gender of the noun-component, e.g.

डॉ. साहब ने ब्रजभूषण जी **का स्वागत किया ।**

हमें गरीबों **की मदद करनी चाहिए ।**

कई महीनों से दोनों मित्रों **की मुलाकात नहीं हुई थी ।**

शुक्रवार **को हमारी मुलाकात होगी ।** (हम + की = हमारी)

— * —

# पाठ / LESSON-2

1.0 TEXT अतिथि का स्वागत (वार्तालाप/conversation)
2.0 VOCABULARY
3.0 PATTERNS & USAGES
4.0 STOCK EXPRESSIONS USED IN CONVERSATION

## 1.0 TEXT अतिथि का स्वागत (Welcome a guest)

Read the text aloud.

1. (एक टैक्सी सड़क पर खड़ी है । ड्राइवर के अलावा उसमें दो व्यक्ति और बैठे हैं । उनमें से एक व्यक्ति पास खड़े हुए व्यक्ति से पूछ रहा है ।)

व्यक्ति : क्या आप जानते हैं, डॉ. कुमार का मकान कौन–सा है ?

दूसरा व्यक्ति : कौन ? डॉक्टर ऋषिकुमार ?

व्यक्ति : हाँ ! हाँ ! वे ही ।

दूसरा व्यक्ति : आप इस सड़क पर सीधे जाइए । फिर दाईं ओर मुड़िए । बस, बाईं ओर का तीसरा मकान उनका ही है । उनका बोर्ड भी लगा है ।

व्यक्ति : इसी सड़क पर न ? अच्छा, धन्यवाद । (ड्राइवर से) चलो भाई ।
(थोड़ी दूर चलने के बाद)

2. व्यक्ति : अच्छा । यहीं रोक दो । यह रहा उनका मकान । कितने पैसे ?

ड्राइवर : चार सौ पचास रुपए ।

व्यक्ति : ये लो पैसे ।

ड्राइवर : बहुत अच्छा, साहब ।

डॉ. कुमार : आइए, आइए एडवोकेट साहब। ओह! निर्मला जी भी हैं । नमस्ते निर्मला जी ।

श्री और श्रीमती ब्रजभूषण : नमस्ते भाई साहब ।

ब्रजभूषण : अच्छा तो आप यहीं हैं ? मैंने तो सोचा था कि आप घर पर नहीं होंगे ।

डॉ. कुमार : क्यों भाई ? अपने आने की खबर तो दे देते । आइए... आइए... अंदर तो आइए। बाहर क्यों खड़े हैं ?

3. ब्रजभूषण : (अंदर आते हुए) क्या आपको मेरे आने की सूचना नहीं मिली ? मैंने तीन दिन पहले आपको मेल भेजा था ।

डॉ. कुमार : ओह ! इस बीच मैं मेल नहीं देख पाया । मेल देखता और मैं स्टेशन न आता ? (पत्नी को आवाज देते हुए) इला, देखो इलाहाबाद से एडवोकेट ब्रजभूषण जी और निर्मला जी आए हैं ।

इला : नमस्ते भाई साहब । नमस्ते निर्मला बहन । अंदर चलिए न। वहीं बैठेंगे ।

डॉ. कुमार : नहीं नहीं, यहीं ठीक है । पहले चाय-वाय तो पी लें । फिर बैठकर बातचीत करेंगे ।

इला : आप क्या पसंद करेंगे, ठंडा या गरम ?

ब्रजभूषण : कुछ भी चलेगा । मगर निर्मला को चाय ही पसंद है ।

4. इला : अरे ! आपका सामान कहाँ है ?

निर्मला : हम पास ही होटल में ठहरे हैं ।

इला : ऐसा क्यों ? क्या आप सीधे यहाँ नहीं आ सकते थे ? यह अच्छा नहीं किया।

निर्मला : नहीं दीदी । ऐसी कोई बात नहीं । रात को गाड़ी देर से आई । आपके घर का रास्ता भी इनको ठीक से मालूम न था । इसलिए हम होटल में ठहर गए ।

डॉ. कुमार : चलिए, आपका सामान ले आएँ । कुछ दिन हमारे साथ रहिए ।

निर्मला : इस बार माफ कीजिए । अगली बार हम आपके यहाँ ही ठहरेंगे ।

5. ब्रजभूषण : भाई साहब, और सुनाइए । आपकी प्रैक्टिस कैसी चल रही है ?

डॉ. कुमार : ठीक ही चल रही है । आप अपनी सुनाइए ।

ब्रजभूषण : ठीक ही चल रही है, लेकिन आजकल वकालत में कोई मजा नहीं रहा ।

(श्रीमती इला चाय का प्रबंध करने अंदर चली जाती हैं । तभी मोबाइल की घंटी बजती है। डॉ. कुमार मोबाइल पर बात करने लगते हैं ।)

**मोबाइल पर बातचीत**

डॉ. कुमार : हाँ रमेश जी, नमस्कार । कहिए क्या खबर है ?

रमेश : सब ठीक है डाक्टर साहब । ऐसा है कि हम लोग राजस्थान के टूर पर जा रहे हैं । आप भी चलिए न, हमारे साथ ।

डॉ. कुमार : नहीं, भाई । अभी नहीं ।

रमेश : क्यों ?

डॉ. कुमार : ब्रजभूषण जी को तो जानते ही हो न ?

रमेश : कौन ? वही इलाहाबाद वाले ?

डॉ. कुमार : हाँ, हाँ । इलाहाबाद वाले ही । वे मेरे यहाँ आए हुए हैं ।

रमेश : तो क्या ? उन्हें भी साथ ले चलते हैं । जरा उनसे भी बात करवाइए।

(डॉ. कुमार ब्रजभूषण जी को फोन पकड़ाते हैं।)

(श्रीमती इला चाय-नाश्ता लेकर आती हैं । सब लोग चाय-नाश्ता करने लगते हैं।)

ब्रजभूषण : अच्छा, डॉक्टर साहब । मैंने रमेश की बात मान ली है । हम भी कल आप लोगों के साथ चलेंगे । हमने भी राजस्थान नहीं देखा ।

डॉ. कुमार : चलो यह अच्छा कार्यक्रम बन गया ।

## 2.0 VOCABULARY

2.1 Go through the vocabulary and try to comprehend the meaning of the text.

PARA - 1

| | |
|---|---|
| अतिथि | guest |
| स्वागत | welcome |
| सड़क (f) | road |
| व्यक्ति | person |
| सीधे जाना | to go straight |
| दाईं ओर | towards right |
| मुड़ना | to turn |
| बाईं ओर | towards left |
| तीसरा | third |
| धन्यवाद | thanks |

PARA - 2

| | |
|---|---|
| अच्छा | well |
| रोकना | to stop |
| चार सौ पचास | four hundred and fifty |
| खबर (f) | news |

PARA - 3

| | |
|---|---|
| चाय-वाय* | tea etc. |
| पसंद करना | to prefer |
| ठंडा या गरम | hot or cold (drink) |
| कुछ भी चलेगा | either will do |

PARA - 4

| | |
|---|---|
| ठहरना | to stay |
| ऐसी कोई बात नहीं | It is not that |
| माफ कीजिए | Please excuse (me) |

PARA - 5

| | |
|---|---|
| और सुनाइए | anything new / any other news |
| अपनी सुनाइए | what about you |
| मजा नहीं रहा | there's no charm left |
| प्रबंध | arrangement |
| घंटी बजना | ringing of bell (phone) |

*चाय-वाय A typical way of reduplicating word-sound. The second word echoes the sound of the first word. The second word is formed by replacing the first consonant of the first word by व and retaining the vowel used in the consonant of the first word e.g. रोटी-वोटी, खाना-वाना

* Sometimes the past tense of a verb expresses immediate futurity of an action. Some other examples are:–

बैठिए, हम दो मिनट में आए ।

समझिए, आपका काम हो गया ।

2.2 Having gone through the text, please give it a silent reading.

2.3 Words and phrases in common use :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माफ करना (to forgive; to excuse) | बेटे को अपनी गलती पर दुख हुआ । तब पिता ने उसे माफ कर दिया ।<br>माफ कीजिए, मुझे जल्दी जाना है । |
| 2. | ऐसा है कि (The fact is that) | ऐसा है कि आजकल गाड़ियों में बड़ी भीड़ है, इसलिए रिजर्वेशन मिलना मुश्किल है । |
| 3. | मान लेना (to confess; to agree; to suppose) | तुम अपनी गलती मान लो तो वे तुम्हें माफ कर देंगे ।<br>उसने मेरी बात मान ली ।<br>मान लो कि तुम्हारे पास एक लाख रुपए हैं । |
| 4. | इंतजार करना (to wait for) | सभा में लोग मुख्य अतिथि का इंतजार कर रहे थे । |
| 5. | मजा नहीं रहा (no charm left) | महँगाई के कारण आजकल त्योहारों में वह मजा नहीं रहा जो पहले था । |

**3.0 PATTERNS AND USAGES**

Mark the following sentence patterns and usages occurring in the above text :-

3.1 Subject + को Constructions

(a) In Hindi को is added to the subject to express the physical and mental dispositions, feelings, necessity, knowledge. e.g. :–

क्या आपको मेरा मेल (m) नहीं मिला ?

When the subject is followed by 'को' the verb agrees with the object.

मोहन को यह कहानी (f) पसंद होगी ।

सरला को वही मकान (m) पसंद था ।

(b) Note some more examples

पिता जी को यह जानकर खुशी (f) हुई ।

बच्चे को भूख (f) लगी ।

सरला को यह समाचार (m) सुनकर दुख हुआ ।

उनको आपका पता (m) मालूम नहीं था ।

3.2 Functional use of 'न'

(a) 'न' is generally used as a negative marker.

| | |
|---|---|
| अंदर न आइए । | Please don't come inside. |
| रुपया न मिले तो क्या करें ? | what should we do if we do not get money ? |

(b) But when 'न' is used after the imperatives, it indicates insistence.

| | |
|---|---|
| अंदर आइए न । | Please do come. |
| कुछ तो खाइए न । | Please do eat something. |

(c) 'न' sometimes gives the affirmative sense. Look at the following examples :–

| | |
|---|---|
| खबर मिलती और मैं स्टेशन पर न आता। | Suggestion (मैं जरूर आता) |
| तुम बुलाते और वह न आती । | Suggestion (वह जरूर आती) |
| आप बोलते और हम न मानते । | Suggestion (हम जरूर मानते) |

3.3 Use of –इएगा to indicate extra politeness in future imperative.

कुछ दिन हमारे यहाँ रहिएगा ।

निर्मला जी, आप भी आइएगा ।

वकील साहब, आज हमारे यहाँ खाना खाइएगा ।

## 4.0 STOCK EXPRESSIONS USED IN CONVERSATION

Some stock expressions based on day to day conversation are given below along with their probable English equivalents.

| | |
|---|---|
| नमस्कार | Salutation e.g. good morning/evening |
| अरे रमेश, खूब मिले ! | What a nice meeting, Ramesh |
| आइए, आइए बैठिए । | Please come, have a seat |
| क्या हालचाल हैं ? | How do you do ? |
| सब ठीक तो है ? / सब कुशल तो है ? / सब खैरियत तो है ? | Is everything OK ? |

| | |
|---|---|
| अच्छा हुआ, तुम/आप आ गए । | It's good that you have come. |
| तुम, ठीक समय पर आ गए | It's good that you came in time. |
| मैं तुम्हें/आपको अभी याद कर रहा था । | I was just thinking of you. |
| तुम्हारी लंबी उम्र हो । | May you live long. |
| बधाई हो । | Congratulations. |
| अच्छा अब चलें । अच्छा अब चला जाए। | Let us move (now). |
| अच्छा, धन्यवाद । | Thanks. |
| फिर मिलेंगे । | See you. |

— * —

# पाठ / LESSON-3

1.0 ABOUT THE LESSON
2.0 TEXT राजस्थान की सैर (वार्तालाप/conversation)
3.0 VOCABULARY
4.0 PATTERNS & USAGES

## 1.0 ABOUT THE LESSON

This lesson is pertaining to a visit to a historical place Haravati in Rajasthan. The lesson begins with a conversation among the characters introduced in previous lessons who are on their way to Haravati.

## 2.0 TEXT राजस्थान की सैर (A tour to Rajasthan)

Read the text aloud.

1. डॉ. कुमार : क्यों रमेश ? अभी तक वकील साहब नहीं आए हैं । कहीं उनका प्रोग्राम तो नहीं बदल गया ?

रमेश : नहीं डॉक्टर साहब । यहाँ आने से पहले मैं उनके होटल गया था । वे आते ही होंगे ।

डॉ. कुमार : यह तुमने अच्छा किया कि उनको भी साथ ले जाने का कार्यक्रम बना लिया। पिछली बार तो बड़ा मजा आया था ।

रमेश : अबकी बार भी अच्छा ही रहेगा । . . . लीजिए, वे लोग भी आ गए ।

डॉ. कुमार : आइए, आइए वकील साहब । नमस्ते भाभी जी ।

2. निर्मला : आप सब लोग तैयार हैं, न ?

रमेश : हाँ, हम सब आप लोगों का ही इंतजार कर रहे थे । (सब लोग कार में बैठते हैं)

निर्मला : पर देखिए मैं चाहती हूँ कि राजस्थान का यह सैर-सपाटा दिलचस्प हो ।

डॉ. कुमार : रमेश के रहते सब अच्छा ही रहेगा, भाभी जी । यह जब कभी कहीं जाता है, पहले उस जगह के बारे में गूगल से अच्छी तरह जानकारी ले लेता है । क्यों रमेश ?

| | | |
|---|---|---|
| | रमेश : | हाँ, डॉक्टर साहब । राजस्थान केवल रेगिस्तान ही नहीं है, यहाँ कई सुंदर शहर भी हैं – अजमेर, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा आदि । पर इस बार मैं आप लोगों को हरावती क्षेत्र में ले जा रहा हूँ । |
| 3. | रमेश : | अब हम हरावती पहुँचने ही वाले हैं । यहाँ चंबल नदी बहती है । शायद यह भारत की एकमात्र नदी है जो दक्षिण से उत्तर की ओर बहती है । |
| | डॉ. कुमार : | वही चंबल जिसके बीहड़ों में कभी डाकू छिपा करते थे ? |
| | रमेश : | हाँ, वही चंबल । हाँ, तो मैं कह रहा था कि हरावती बहुत पुराना शहर था। अब यहाँ कई ऐतिहासिक खंडहर हैं । |
| | ब्रजभूषण : | केवल खंडहर ही देखेंगे या यहाँ और भी कुछ देखने लायक है ? |
| | रमेश : | ऐसी कोई बात नहीं है । यहाँ मंदिर और महल भी हैं । |
| | इला : | तब तो ठीक है । |
| | रमेश : | अब हम हरावती क्षेत्र में हैं । इसके आस-पास के शहरों में कोटा बहुत प्रसिद्ध शहर है । आपने कोटा-साड़ियों के बारे में तो सुना ही होगा । अब कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दूर-दूर से बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं । |
| | ब्रजभूषण : | और यहाँ से तुम रणथंभौर भी जाने के लिए कह रहे थे । |
| 4. | रमेश : | हाँ, हाँ, रणथंभौर का किला हम्मीरदेव ने बनवाया था । इसका फैलाव लगभग 17 किलोमीटर है । इसकी ऊँचाई समुद्र तल से लगभग 481 मीटर है । देखने लायक जगह है, भाई साहब ! |
| | ब्रजभूषण : | वहाँ और क्या-क्या देखने लायक स्थान हैं ? |
| | डॉ. कुमार : | कोटा के पास चंबल के तट पर 'अधर-शिला' है जो दर्शनीय है । यह एक भारी चट्टान है जो आसमान से लटकती-सी दिखाई देती है । |
| | रमेश : | बढ़ोली का शिव मंदिर भी देखने लायक है । यह कोटा से चालीस किलोमीटर दूर है । वैसे यहाँ पर मंदिर ही मंदिर हैं । ये मंदिर स्थापत्य-कला के लिए प्रसिद्ध हैं । यहाँ के राजमहल तो देखते ही बनते हैं । ये बड़े विशाल और सुंदर हैं । इनमें चित्रकारी और पच्चीकारी के अच्छे नमूने हैं । |
| 5. | ब्रजभूषण : | तुम तो कह रहे थे कि यहाँ मौर्य और गुप्त काल की स्थापत्य-कला के नमूने भी देखने को मिलेंगे । |
| | रमेश : | ओह ! यह बताना तो मैं भूल ही गया । यहाँ छठी और सातवीं शताब्दी के अनेक मंदिर हैं । कुछ मंदिर मौर्य और गुप्तवंश के राजाओं के बनवाए हुए हैं । यहाँ सुंदर महल भी देख सकेंगे । |
| | डॉ. कुमार : | ठीक है । कार यहीं रोको और चलो किसी रेस्तराँ में कुछ खा-पी लें । |
| | रमेश : | ठीक है, डॉक्टर साहब ! गाड़ी यहीं पार्क कर देता हूँ । |

## 3.0 VOCABULARY

3.1 Go through the following vocabulary and try to comprehend the meaning of the text.

PARA - 1

| | |
|---|---|
| कहीं उनका प्रोग्राम तो नहीं बदल गया ? | Isn't it that, their programme is changed |
| पिछली बार बड़ा मजा आया था | Last time, we had enjoyed a lot |
| अब की बार (इस बार) | this time |

PARA - 2

| | |
|---|---|
| इंतजार करना | to wait |
| सैर–सपाटा | trip |
| दिलचस्प | interesting |
| रमेश के रहते | so long as Ramesh is there |
| जब कभी | whenever |
| रेगिस्तान (मरुस्थल) | desert |
| क्षेत्र | region |

PARA - 3

| | |
|---|---|
| बहना | to flow |
| एकमात्र | the only |
| दक्षिण | South |
| उत्तर | North |
| बीहड़ | ravine |
| डाकू | bandit, decoit |
| ऐतिहासिक | historical |
| खंडहर | ruins |
| देखने लायक (दर्शनीय) | worth seeing |
| महल | palace |
| मंदिर | temple |
| आसपास के शहर | neighbouring towns |

PARA - 4

| | |
|---|---|
| किला | fort |
| फैलाव | expansion |
| लगभग | nearly |
| ऊँचाई | height |
| समुद्र तल | sea level |
| भारी | heavy |
| चट्टान | rock |
| आसमान | sky |
| लटकती–सी दिखाई देना | seems to be hanging |
| स्थापत्य–कला (भवन निर्माण कला) | architecture |
| प्रसिद्ध | famous |
| देखते ही बनते हैं | a sight worth seeing |
| चित्रकारी | art of painting |
| पच्चीकारी | art of engraving |
| नमूना | specimen |

PARA - 5

| | |
|---|---|
| छठा | Sixth |
| सातवाँ | seventh |
| शताब्दी | century |
| अनेक | many |
| राजवंश | royal dynasty |
| बनवाए हुए | built by |
| देख सकना | to be able to see |
| रोकना | to stop |

3.2 Having gone through the text, give it a silent reading once again.

3.3 ANTONYMS - Words with opposite meanings.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पिछला | previous | x | अगला | next |
| पिछली बार | Last time | x | अगली बार | next time |
| पहले | before | x | बाद में | later on/afterwards |
| दक्षिण | south | x | उत्तर | north |
| पूर्व | east | x | पश्चिम | west |
| ऊँचा | high | x | नीचा | low |

3.4 Words of co-occurring nature

| | |
|---|---|
| घूमना–फिरना | roaming and loitering |
| खाना–पीना | eating and drinking |
| आना–जाना | to and fro |
| पढ़ना–लिखना | reading and writing |

## 4.0 PATTERNS & USAGES

Make the following sentence/ patterns occuring in the above text.

4.1 Use of कहीं....नहीं/न to denote the sense of 'doubt/apprehension'

| | |
|---|---|
| वकील साहब नहीं आए हैं । कहीं उनका प्रोग्राम तो नहीं बदल गया ? | Vakil Sahab has not turned up. Isn't it that his programme is changed |

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रिंसिपल साहब का घर बंद है। | कहीं वे बाहर तो नहीं चले गए ? | (Principal sir's house is locked. Isn't it that he has gone out?) |

See a few more examples.

| | | |
|---|---|---|
| 1. जल्दी घर लौटें । | कहीं बारिश न आ आए | (lest it rains.) |
| 2. धीरे बोलो । | कहीं श्रीमती जी न सुन लें | (lest my wife hears.) |
| 3. कैशियर को आज लौटना था। | कहीं आज उसने छुट्टी तो नहीं बढ़ाई ? | (Isn't it that he has extended his leave?) |

4.2. Compare the sentences given in group (a) and (b)

| | | |
|---|---|---|
| Group(a) | ब्रजभूषण जी आते होंगे । | Mr. Brajbhooshan may be coming. |
| | पिता जी डाकघर से लौटते होंगे । | Father may be returning from the post office. |
| Group(b) | ब्रजभूषण जी आते ही होंगे । | Mr. Brajbhooshan may come at any moment. |
| | पिता जी डाकघर से लौटते ही होंगे । | Father may come back from the post office at any moment. |

The sentences in (a) denote probability of action and those in (b) denote imminence of action, especially in verbs indicating movement.

4.2.1 Sometimes –ता ही होगा can be substituted with –ने ही वाला है ।

मोहन लौटता ही होगा – मोहन लौटने ही वाला है ।

डॉक्टर आते ही होंगे – डॉक्टर आने ही वाले हैं ।

गाड़ी पहुँचती ही होगी – गाड़ी पहुँचने ही वाली है ।

4.3 Use of नहीं तो

(a) Note the usage of नहीं तो in the sense of 'otherwise' / 'or else'

| | |
|---|---|
| खिड़की बंद कर लीजिए नहीं तो सर्दी लग जाएगी । | Shut the window, otherwise you will catch cold. |
| पैसे निकालो नहीं तो काम नहीं होगा । | Give cash, or else your work cannot be done. |
| जल्दी कीजिए नहीं तो गाड़ी चली जाएगी । | Hurry, otherwise you will miss the bus. |

(b) Use of नहीं तो may also imply a 'consequence'

In such cases, –ता form of verbs is used in the second part of the compound sentences e.g.

| | |
|---|---|
| वकील साहब होटल में ठहर गए, नहीं तो उनको रात में डॉ. कुमार का घर न मिलता। | Advocate stayed at the hotel, otherwise he would not have found Dr. Kumar's house at night. |
| तेज बारिश हो रही थी, नहीं तो मैं ठीक समय पर पहुँच जाता । | It was raining heavily, or else I would have arrived in time. |
| वे मीटिंग से जल्दी चले गए, नहीं तो उन्हें भी किताबें मिल जातीं । | He left the meeting early, otherwise he would have also got the book. |

(c) नहीं तो can be used as a complete expression in response to a question expressing a strong denial, e.g.

आपने मेरा पर्स देखा था ?
– नहीं तो । No; not at all.

क्या आपकी पत्नी बेंगलुरु जा रही हैं ?
– नहीं तो । No; not at all.

4.4 Causative construction – बनवाना

(a) Causative verb is used when the subject does not perform the action directly, but gets it done by another agent.

| | |
|---|---|
| माँ खाना बनाती है । | Mother prepares the food. |
| माँ रसोइया से खाना बनवाती है । | Mother gets the food prepared by the cook. |
| अधिकारी ने पत्रों का जवाब खुद लिखा। | The officer replied to the letters himself. |
| अधिकारी ने पत्रों का जवाब स्टेनो से लिखवाया। | The officer got the letter replied to by the steno. |
| कारीगरों ने ये महल बनाए । | These forts were built by the workers. |
| राजाओं ने ये महल कारीगरों से बनवाए । | Kings built these forts by the workers. |

(b) Read the following sentences :–

| | |
|---|---|
| मौर्यवंश के राजाओं ने कई मंदिर बनवाए । | Many temples were built by the kings of Maurya dynasty. |
| शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया । | Taj Mahal was built by Shahjahan. |
| दुकानदार ने नौकर से दुकान खुलवाई । | Shopkeeper got the shop opened by the servant. |

(c) Like any other past-participle forms, these forms also function as adjectives, e.g.

| | |
|---|---|
| घर आए हुए मेहमान | the guests who have arrived at home |
| कल पढ़ा हुआ पाठ | the lesson that was learnt yesterday |
| राजाओं के बनवाए हुए मंदिर | the temples built by the kings |

(d) Now you will be able to understand the following textual sentence :-

बढ़ोली में कई पुराने मंदिर हैं, जिनमें से कई गुप्त और मौर्यवंश के राजाओं के बनवाए हुए हैं ।

— * —

# पाठ / LESSON-4

1.0 ABOUT THE LESSON

2.0 TEXT मांडवा – रेगिस्तान का हीरा
(कथात्मक Narrative form)

3.0 VOCABULARY

4.0 GRAMMATICAL NOTES

## 1.0 ABOUT THE LESSON

This is a continuation of the previous lesson. This is a description of a place Mandva in Shekhavati region of Rajasthan.

## 2.0 TEXT मांडवा – रेगिस्तान का हीरा (Mandva - a Jewel in the Desert)

Read the text aloud.

1. नाश्ता कर लेने के बाद रमेश ने उन लोगों को बताया कि अभी कुछ ही दिन पहले मैं मांडवा गया था ।

2. मांडवा राजस्थान के शेखावटी जनपद में है । उसे ठाकुर नवल सिंह ने सन् 1755 में बसाया था। सन् 1930 तक यह नगर व्यापार का एक प्रमुख केंद्र था । बाद में यहाँ के धनी व्यापारी, मुंबई, कोलकाता और दूसरे व्यापारिक केंद्रों में चले गए । इन व्यापारियों ने मांडवा में बड़ी-बड़ी हवेलियाँ बनवाई थीं, जिनमें चित्रकारी और पच्चीकारी के सुंदर नमूने मिलते हैं । यहाँ की 'सात हवेली' बहुत प्रसिद्ध है ।

3. शहर के बीचों-बीच एक पुराना किला है । पुराने किले के पास नवलगढ़ है । यहाँ पर प्रतिदिन एक छोटा-सा बाजार लगता है । बाजार में दुकानों पर रंग-बिरंगी चुनरियाँ, साड़ियाँ आदि दर्शकों का मन मोह लेती हैं । ज़री की कामवाली मखमली जूतियाँ, लाख की चूड़ियाँ और राजस्थानी शैली के चित्र मांडवा की अपनी विशेषताएँ हैं ।

4. यहाँ 'ठाकुर हरिसिंह स्मारक संग्रहालय' है । इसमें राजस्थान के वीर राजपूतों के अस्त्र-शस्त्र, पुराने सिक्के, वस्त्र आदि वस्तुएँ हैं । यहाँ अनेक कलात्मक मूर्तियाँ हैं जिनमें 'ईसरजी' और 'देवी गणगौर जी' की मूर्तियाँ प्रमुख हैं । ईसरजी और देवी गणगौर जी शिव और पार्वती के ही रूप हैं ।

5. राजस्थान के जन-जीवन में ऊँटों का विशेष महत्व है । विदेशी पर्यटक बड़े चाव से ऊँट की सवारी करते हैं । इन सारी विशेषताओं के कारण मांडवा 'रेगिस्तान का हीरा' कहलाता है ।

6. रमेश की बातों को सुनकर डॉ. कुमार और वकील साहब को लगा कि अब रमेश हरावती से मांडवा

चलने के लिए कहेगा । वे लोग मांडवा जाने के लिए तैयार नहीं थे क्योंकि वहाँ से मांडवा काफी दूर था । इसलिए उन्होंने कहा– ''रमेश, हम लोगों को जल्दी दिल्ली लौटना है । मांडवा फिर कभी देख लेंगे ।''

## 3.0 VOCABULARY

3.1 Go through the following vocabulary and try to comprehend the meaning of the text.

PARA - 1

| | |
|---|---|
| नाश्ता | light refreshment |
| नाश्ता कर लेने के बाद | after having break fast |
| बताना | to tell |

PARA - 2

| | |
|---|---|
| जनपद (जिला) | district |
| बसाना | to found (a city) |
| केंद्र | centre |
| धनी (अमीर) | rich |
| हवेली | a typical palatial building of medieval times |

PARA - 3

| | |
|---|---|
| बीचों–बीच | exactly in the middle of |
| किला | fort |
| रंग बिरंगा | colourful |
| चुनरी | a sheet of thin cloth worn as a shawl by females |
| दर्शक | visitor |
| मन मोहना | to attract |
| जरी के कामवाला | silver or gold thread embroidered |
| मखमली | made of velvet |
| जूतियाँ | a typical footwear especially designed in india |
| लाख की चूड़ियाँ | bangles made of lac (quer) |
| राजस्थानी शैली | Rajasthani style / typical style of Rajasthan |
| विशेषता | speciality, peculiarity |

PARA - 4

| | |
|---|---|
| स्मारक | memorial |
| संग्रहालय | museum |
| अस्त्र–शस्त्र | weapons |
| सिक्का | coin |
| वस्त्र | costumes and dress |
| वस्तु (f)/चीज | thing |
| कलात्मक | artistic |
| मूर्ति (f) | statue |
| रूप | form |

PARA - 5

| | |
|---|---|
| जन–जीवन | life of the people |
| ऊँट | camel |
| स्थान | place |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विदेशी | foreign (adj), foreigner (n) | कहलाना | to be called |
| पर्यटक | tourist | | |
| बड़े चाव से | with great relish | PARA - 6 | |
| ऊँट की सवारी | camel riding | तैयार | ready |
| हीरा | diamond | फिर कभी | some other time |

3.2 Having gone through the text, please give a silent reading.

3.3 Derivation of words (with the help of prefixes and suffixes)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | व्यापार | – | trade, business |
| | व्यापारी | – | trader, businessman |
| | व्यापारिक | – | pertaining to trade or business |
| (ii) | चित्र | – | (art) picture; painting |
| | चित्रकार | – | artist/painter |
| | चित्रकारी | – | (art of) painting |
| (iii) | मखमल (n) | – | velvet |
| | मखमली (adj.) | – | made of velvet |
| (iv) | राजस्थान | – | Rajasthan |
| | राजस्थानी | – | typical of Rajasthan |
| (v) | विशेष | – | special, peculiar |
| | विशेषता | – | speciality, peculiarity |
| | विशेषज्ञ | – | specialist, expert |
| (vi) | कला | – | art |
| | कलात्मक | – | artistic |
| | कलाकार | – | artist |
| (vii) | कहना | – | to say |
| | कहलाना | – | to be called |
| (iv) | इतिहास | – | history |
| | ऐतिहासिक | – | historical |

3.4 Words denoting era/year

| | | |
|---|---|---|
| (i) | सन्<br>सन् 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ । | denotes Christian era |
| (ii) | संवत् (सं.)<br>संवत् (सं.) 1631 में तुलसीदास ने रामायण पूरी की । | denotes one of different eras prevalent in India |

## 4.0 GRAMMATICAL NOTES

### 4.1 Different forms of past tense

Observe the following table and try to understand the forms and functions of the past verbal forms.

| | Type & Example | Formation | Meaning |
|---|---|---|---|
| 1. | Simple Past<br>रमेश मांडवा गया । | (verb root +या)<br>ग+या = गया<br>–या/–आ +Mas. singular<br>Past form of जाना is गया | Ramesh went to Mandva |
| 2. | Present Perfect<br>रमेश मांडवा गया है। | simple past +present auxiliary<br>गया+है = गया है। | Ramesh has gone to Mandva. |
| 3. | Past Perfect<br>रमेश मांडवा गया था । | simple past +past auxiliary<br>गया+था = गया था । | Ramesh had gone to Mandva |
| 4 | Doubtful Past<br>रमेश मांडवा गया होगा । | simple past +Future form of the auxiliary<br>गया+होगा = गया होगा । | Ramesh would have gone to Mandva |
| 5. | Past Habitual (Imperfect)<br>रमेश मांडवा जाता था । | Present participle+past auxiliary<br>जाता+था = जाता था । | Ramesh used to go to Mandva |
| 6. | Conditional past<br>(यदि)रमेश मांडवा जाता तो | Present participle<br>जाता | Had Ramesh gone to Mandva |

Examples

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Simple Past<br>रमेश ने डॉ. कुमार और ब्रजभूषण को क्या बताया ?<br>निर्मला और इला ने कपड़े खरीदे । | (told)<br>(purchased) |
| 2. | Present Perfect<br>मोहन कश्मीर गया है ।<br>मैंने यह फिल्म देखी है । | (has gone)<br>(have seen) |
| 3. | Past Perfect<br>ठाकुर नवल सिंह ने इस शहर को बसाया था ।<br>ब्रजभूषण ने मेल भेजा था । | (had found)<br>(had sent) |
| 4. | Doubtful Past<br>आपने कोटा साड़ी का नाम सुना होगा ।<br>मेरी बहन बाजार गई होगी । | (might have heard)<br>(might have gone) |
| 5. | Habitual Past/Past Imperfect<br>व्यापारी लोग इसी मार्ग से आते-जाते थे ।<br>हम पहले केरल में रहते थे । | (used to travel)<br>(used to live) |
| 6. | Conditional Past<br>(यदि) आप मांडवा जाते तो हवेलियाँ देखते ।<br>अगर आज छुट्टी होती तो हम दफ्तर नहीं आते । | Had you gone to Mandva, you would have seen the palatial buildings.<br>Had it been a holiday today, we would not have come to the office. |

4.2 Functional usages of पड़ना

(a) The verb 'पड़ना' in the sense of 'lying' and 'lying down'

मेरे पर्स में दो-ढाई सौ रुपए पड़े होंगे । There may be Rs. 200 to 250 lying in my purse

देखिए, आपका पेन मेज पर पड़ा है । Please see your pen is lying on the table.

(b) 'पड़ना' in the sense of 'to fall'
